| आई. टी. एल. पब्लिक स्कूल |
|---|
| एस. ए. 1 (2014 – 15) |
| हिंदी Set A उत्तर पत्रक |

तिथिः **19.9.14** कक्षा ः सातवीं

समयः **3** घंटा कुल अंक–**90**

**आवश्यक निर्देश—**

*आवश्यक निर्देश: पठन भाग क के अंतर्गत वर्तनी संबंधी अशुद्धियों के लिए **0.5** अंक काटे जाएँगे तथा उत्तर अपूर्ण होने पर भी **0.5** अंक काटे जाएँगे।*

*भाषा भाग ख में वर्तनी या वाक्य रचना संबंधी गलती होने पर कोई अंक नहीं दिया जाएगा।*

*साहित्य भाग ग में वर्तनी संबंधी अशुद्धियों के लिए प्रत्येक पाँच अशुद्धियों के लिए **1** अंक काटा जाए।*

*लेखन भाग घ में उत्तर की गुणवत्ता,रचनात्मकता,लेखन क्षमता तथा सभी आवश्यक बिंदुओं के समावेश के आधार पर समग्र रूप से जाँचकर अंक दिए जाएँगे।*

## खंड – क पढ़ना

**1 क)** **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिएः**

पिछले कई वर्षो से कंप्यूटर हमारे जीवन का एक हिस्सा बन चुका है। दफ़्तरों , बैंकों , रेलवे तथा व्यापारिक प्रतिष्ठानों में इसका उपयोग हो रहा है।कोई भी क्षेत्र इससे अछूता नहीं रहा है। प्रश्न उठता है कि कंप्यूटर आखिर है क्या? कंप्यूटर मानव द्वारा बनाया गया एक ऐसा मस्तिष्क यंत्र है जो मानव की अंक संबंधी बड़ी - से - बड़ी समस्या को पलक झपकते ही सुलझा देता है।आरंभ में कंप्यूटर का विकास गणित की जटिलतम गणनाएँ करने के लिए किया गया था , परंतु आज के कंप्यूटर अक्षरों , शब्दों , आकृतियों तथा कथनों को ग्रहण करने में सक्षम है। आज जीवन के अनेक क्षेत्रों में कंप्यूटर की सहायता से कार्य किए जा रहे हैं जैसे बिजली के बिल तैयार करना , पुस्तकों और पत्रिका के ग्राहकों के नाम व पतों की सूची रखना , बैंकों में पैसों का लेन-देन , चैकों की जाँच करना , रूपए गिनना तथा हर ग्राहक के खाते का हिसाब रखना। रेल , विमान आदि के टिकट बुक कराना आदि काम आसान हो गए हैं।पुस्तक प्रकाशन के क्षेत्रों में कंप्यूटर बहुत सहायक हो रहा है। अब एक सिरे पर कंप्यूटर में मैटर भरा जाता है तथा दूसरे सिरे पर तेज़ रफ़्तार से इलेक्ट्रॉनिक प्रिंटर उस मैटर को छापकर निकालता रहता है।इस प्रकार पुस्तकें, समाचार पत्र आदि बहुत जल्दी छप जाते हैं। प्रत्येक क्षेत्र में इनका प्रचार और प्रसार बढ़ता ही जा रहा है।आधुनिक कंप्यूटरों के माध्यम से भवनों, मोटरगाड़ियों, वायुयानों के डिज़ाइन तैयार करने में कंप्यूटर ग्राफ़िक का व्यापक प्रयोग हो रहा है।आज दी गई सूचना के आधार पर कंप्यूटर अपराधियों के चित्र भी तैयार कर देता है।

क)कंप्यूटर क्या है? **2**

ख)आरंभ में कंप्यूटर का विकास किसलिए किया गया था? **2**

ग)आज मानव द्वारा कंप्यूटर का प्रयोग किन -किन क्षेत्रों में किया जा रहा है? **2**

घ)पुस्तक प्रकाशन के क्षेत्र में कंप्यूटर किस प्रकार सहायक है? **2**

ङ) कंप्यूटर ग्राफ़िक का प्रयोग किस लिए किया जाता है? **2**

च)गद्यांश में मस्तिष्क यंत्र किसे कहा गया है? **1**

**1**

| | | |
|---|---|---|
| | छ)उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए।<br><br>**उत्तरः** क) कंप्यूटर मानव द्वारा बनाया गया एक ऐसा मस्तिष्क यंत्र है जो मानव की अंक संबंधी बड़ी - से - बड़ी समस्या को पलक झपकते ही सुलझा देता है।<br>ख) आरंभ में कंप्यूटर का विकास गणित की जटिलतम गणनाएँ करने के लिए किया गया था।<br>ग) बिजली के बिल तैयार करना , पुस्तकों और पत्रिका के ग्राहकों के नाम व पतों की सूची रखना , बैंकों में पैसों का लेन-देन तथा हर ग्राहक के खाते का हिसाब रखना। रेल , विमान आदि के टिकट बुक कराना आदि काम में।<br>घ) पुस्तक प्रकाशन के क्षेत्रों में कंप्यूटर बहुत सहायक हो रहा है। अब एक सिरे पर कंप्यूटर में मैटर भरा जाता है तथा दूसरे सिरे पर तेज़ रफ़्तार से इलेक्ट्रॉनिक प्रिंटर उस मैटर को छापकर निकालता रहता है।<br>ङ) आधुनिक कंप्यूटरों के माध्यम से भवनों, मोटरगाड़ियों, वायुयानों के डिज़ाइन तैयार करने में कंप्यूटर ग्राफ़िक का व्यापक प्रयोग हो रहा है।<br>च) कंप्यूटर को<br>छ) कंप्यूटर - आज की ज़रूरत | |
| ख) | **निम्नलिखित पदयांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिएः**<br>जन्म लेते है जगह में एक ही<br>एक ही पौधा उन्हें है पालता।<br>रात में उन पर चमकता चाँद भी<br>एक- ही- सी चाँदनी है डालता।।<br>मेघ उन पर है बरसता एक - सा<br>एक- सी उन पर हवाएँ हैं बही।<br>पर सदा ही यह दिखता है हमें<br>ढंग उन के एक- से होते नहीं।।<br>छेद कर काँटा किसी की उँगलियाँ<br>फाड़ देता है किसी का वर वसन।<br>फूल निज सुगंधों और निराले रंग से<br>है सदा देता कली जी की खिला।।<br>है खटकता एक सब की आँख में<br>दूसरा है सोहता सुर - शीश पर।<br>किस तरह कुल की बड़ाई काम दे<br>जो किसी में हो बड़प्पन की कसर।।<br>(क) यहाँ पौधे के किन-दो अवयवों (भागों) की बात हो रही है?<br>(ख) प्रकृति किस प्रकार दोनों को समान भाव से पालती है?<br>(ग) काँटे की क्या प्रवृति होती है?<br>(घ) फूल सभी को प्यारा क्यों लगता है?<br>(ङ) इस काव्यांश का उचित शीर्षक दीजिए।<br>(च) 'बादल' और 'खुशबू' का समानार्थक शब्द लिखिए। | **1**<br>**1**<br>**1**<br>**1**<br>**1** |

| | | |
|---|---|---|
| | (छ)'ता' प्रत्यय वाला कोई एक शब्द लिखिए।<br><br>**उत्तरः** (क) फूल और काँटे की<br>(ख)चाँदनी , मेघ और हवा दोनों को समान रूप से प्राप्त होती है।<br>(ग) वह सभी को घायल करता है।<br>(घ) उसकी सुगंध और निराले रंगों के कारण<br>(ङ) फूल और काँटे<br>(च) मेघ और सुगंध<br>(छ)चमकता , बरसता | **2**<br>**1** |
| <br>**2** | **खंड - ख भाषा**<br>**निम्नलिखित प्रश्नों के निर्देशानुसार उत्तर दीजिए—**<br>(i)**'आना - कानी करना'** मुहावरे से वाक्य बनाएँ।<br>(ii)निम्न वाक्यों को कर्मवाच्य में बदलिएः<br>क)छात्र पत्र लिखता है।<br>ख)ममता ने पकौड़े बनाए।<br>(iii) निम्न वाक्यों में विशेषण पहचानकर उनका भेद भी लिखें-<br>क)वह बच्चा रो रहा है।<br>ख)मुझे तीन मीटर कपड़ा कुरते के लिए चाहिए।<br>(iv) वाक्य शुद्ध करें-<br>क)मैं आपकी पुस्तक नहीं ली।<br>ख)कल सारी रात - भर बारिश होती रही।<br>(v)**'आँखों में धूल झोंकना'** मुहावरे का अर्थ लिखें।<br>(vi)दो यौगिक शब्द लिखें।<br>(vii)**'स्व'** उपसर्ग से दो शब्द बनाएँ।<br>(viii)कर्म के आधार पर क्रिया पहचानकर लिखें-<br>क)छात्र फुटबॉल खेल रहे हैं।<br>ख) संतरा खट्टा है।<br>(ix) **'दयालु'** शब्द में मूल शब्द और प्रत्यय अलग करके लिखें।<br>(x)तत्सम और तद्भव शब्द छाँटकर अलग करेंः<br>दिन , कार्य , पुत्र , सपना<br>**उत्तरः** (i)**आना - कानी करना** - रमेश ने जब मुसीबत में विजय से उधार माँगा तो वह आना - कानी करने लगा।<br>(ii)निम्न वाक्यों को कर्मवाच्य में बदलिएः<br>क)छात्र के द्वारा पत्र लिखा जाता है।<br>ख)ममता के द्वारा पकौड़े बनाए गए।<br>(iii) निम्न वाक्यों में विशेषण पहचानकर उनका भेद भी लिखें-<br>क)वह बच्चा रो रहा है। - वह ः सार्वनामिक विशेषण<br>ख)मुझे तीन मीटर कपड़ा कुरते के लिए चाहिए।- तीन मीटर ः निश्चित | <br><br>**1**<br>**2**<br><br><br>**2**<br><br><br>**2**<br><br><br>**1**<br>**1**<br>**1**<br>**2**<br><br><br>**1**<br>**2** |

| | | |
|---|---|---|
| | परिमाणवाचक विशेषण<br>(iv) वाक्य शुद्ध करें-<br>क)मैंने आपकी पुस्तक नहीं ली।<br>ख)कल रात - भर बारिश होती रही।<br>(v)**धोखा देना**<br>(vi)दो यौगिक शब्द – पाठशाला , पुस्तकालय<br>(vii)**‘स्व’** उपसर्ग – स्वदेश , स्वराज्य<br>(viii)कर्म के आधार पर क्रिया पहचानकर लिखें<br>क)छात्र फुटबॉल खेल रहे हैं। – एककर्मक क्रिया<br>ख) संतरा खट्टा है। – अकर्मक क्रिया<br>(ix) **‘दयालु’** शब्द में दया मूल शब्द और आलु प्रत्यय है।<br>(x)तत्सम शब्द – कार्य , पुत्र<br>तद्भव शब्द – दिन , सपना | |
| **3** | **खंड – ग साहित्य**<br>**क)निम्नलिखित पंक्तियाँ पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दें —**<br>सिंधु और ब्रह्मपुत्र — ये दो ऐसे नाम हैं जिनके सुनते ही रावी, सतलुज, व्यास, चनाब झेलम, काबुल, कपिशा, गंगा, यमुना, सरयू, गंडक, कोसी आदि हिमालय की छोटी-बड़ी सभी बेटियाँ आँखों के सामने नाचने लगती हैं। वास्तव में सिंधु और ब्रह्मपुत्र स्वयं कुछ नहीं हैं। दयालु हिमालय के पिघले हुए दिल की एक-एक बूँद न जाने कब से इकट्ठा हो होकर इन दो महानदों के रूप में समुद्र की ओर प्रवाहित होती रही है। कितना सौभाग्यशाली है वह समुद्र जिसे पर्वतराज हिमालय की इन दो बेटियों का हाथ पकड़ने का श्रेय मिला!<br>(क)यह पंक्तियाँ किस पाठ से ली गई हैं?<br>(ख)यहाँ किन-किन नदियों की चर्चा की गई है?<br>(ग)दो महानदों के नाम लिखिए।<br>(घ)पर्वतराज किसे कहा गया है?<br>**उत्तरः** (क)हिमालय की बेटियाँ<br>(ख) रावी, सतलुज, व्यास, चनाब झेलम, काबुल, कपिशा, गंगा, यमुना, सरयू, गंडक, कोसी<br>(ग) सिंधु और ब्रह्मपुत्र<br>(घ)हिमालय को | **1**<br>**2**<br>**1**<br>**1** |
| | **ख)निम्नलिखित कविता की पंक्तियाँ पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दें —**<br>तरूवर फल नहिं खात है सरवर पियत न पान।<br>कहि रहीम परकाज हित संपति सचहिं सुजान।।<br>धरती की सी रीत है सीत घाम औ मेह<br>जैसी परे सो सहि रहे त्यों रहीम यह देह।।<br>(क)तरूवर और सरोवर के विषय में रहीम जी ने क्या कहा है?<br>(ख)धरती का उदाहरण देकर रहीम जी हमें क्या सीख देना चाहते हैं? | **2**<br>**2**<br>**1** |

| | | |
|---|---|---|
| | (ग)'देह' शब्द का अर्थ बताइए।<br><br>**उत्तरः** (क) रहीम जी कहते हैं कि पेड़ अपना फल स्वयं नहीं खाते। सरोवर अपना पानी स्वयं नहीं पीते। हमें भी सदा दूसरों के लिए जीना चाहिए।<br>(ख) धरती का उदाहरण देकर रहीम जी हमें यह सीख देना चाहते हैं कि हमें भी उसकी तरह सहनशील और शक्तिशाली बनन चाहिए।हर परिस्थिति को सहजता से लेना चाहिए।<br>ग)शरीर | |
| | **ग)निम्नलिखित प्रश्नों के लघु उत्तर दीजिए। (कोई पाँच)**<br>(क)मिठाईवाले में वे कौन-से गुण थे जिनकी वजह से बच्चे तो बच्चे बड़े भी उसकी ओर खिंचे चले आते थे?<br>(ख)लेखक के घर की आर्थिक स्थित खराब क्यों हो गई?<br>(ग)रहीम जी ने सच्चे मित्र की क्या पहचान बताई है?<br>(घ)' हम पंछी उन्मुक्त गगन के ' कविता का संदेश अपने शब्दों में लिखिए।<br>(ङ)लेखक नागार्जुन नदियों को किन-किन रूपों में देखते हैं?<br>(च)रक्त के सफ़ेद कणों को 'वीर सिपाही' क्यों कहा गया है?<br><br>**उत्तरः** (क)वह बहुत विनम्र और मृदुभाषी था।वह बहुत मधुर स्वर में गाकर अपना सामान बेचता था।पैसे न होने पर भी वह बच्चों को उनकी पसंद की वस्तुएँ दे देता था।<br>(ख)दादाजी की मृत्यु के बाद लेखक के पिता ने अतुल संपत्ति खर्च कर दी। उनका भला चाहने वालों ने भी मदद नहीं की और उनके परिवार से किनारा कर लिया।<br>ग)संपत्ति रहने पर सभी साथ देते हैं परंतु मुसीबत आने पर जो साथ दे वही सच्चा मित्र होता है।<br>घ)स्वतंत्रता बहुत मूल्यवान है। हमें हर स्थिति में इसकी रक्षा करनी चाहिए। हमें हर कीमत पर गुलामी स्वीकार नहीं करनी चाहिए।<br>ङ) लेखक नागार्जुन नदियों को माँ बेटी बहन प्रेयसी संभ्रात महिला के रूप में देखते हैं।<br>च) रक्त के सफ़ेद कणों को 'वीर सिपाही' कहा गया है क्योंकि यह रोग उत्पन्न करने वाले रोगाणुओं को शरीर में नहीं आने देता।उनसे लड़ने की क्षमता पैदा करता है। | **2×5=10** |
| | **घ)निम्नलिखित प्रश्न का विस्तृत उत्तर दीजिएः**<br>(क)दुकानदार और ड्राइवर के सामने अप्पू की क्या स्थिति है? वे दोनों उसको देखकर पहले परेशान होते हैं , फिर हँसते हैं ।कारण बताइए।<br>**अथवा**<br>किसकी बात सुनकर मिठाईवाला भावुक हो गया था? उसने इन व्यवसायों को अपनाने का क्या कारण बताया?<br><br>**उत्तरः** (क)दोनों उसे बेवकूफ़ समझ रहे थे क्योंकि वह उतने कंचे खरीद रहा था जितने कभी किसी बच्चे ने नहीं खरीदे थे।सड़क पर कार से बेखबर अपनी जान की परवाह किए बिना अपने बिखरे कंचे समेट रहा था।कंचों के प्रति उसके लगाव को देखकर दोनों हँस | **5** |

| | | |
|---|---|---|
| | पड़ते हैं।<br>**अथवा**<br>दादी की बातें सुनकर वह भावुक हो गया। उसे अपना बीता समय याद आ गया कि वह नगर का प्रसिद्ध व्यापारी था। उसकी सुंदर पत्नी और दो बच्चों के न रहने पर अब सब समाप्त हो गया। वह अपने मृत बच्चों को इन व्यवसायों के ज़रिए कहीं फिर से पा लेगा। इन हँसते खलते बच्चों को देखकर उसे लगता जैसे वे उसके ही बच्चे हैं। | |
| | **ङ)निम्नलिखित प्रश्नों का विस्तृत उत्तर दीजिएः (कोई दो)**<br>(क)देवव्रत का नाम भीष्म कैसे पड़ा?<br>(ख)राजा पांडु के कितने पुत्र थे? उनके नाम लिखिए। इनमें से किसने द्रोपदी को स्वयंवर में जीता था?<br>(ग)एकलव्य किस प्रकार एक कुशल धनुर्धर बना?<br><br>उत्तर- क)देवव्रत ने पिताजी की इच्छा का सम्मान करते हुए आजीवन ब्रह्मचर्य रहने की प्रतिज्ञा की थी। इसी प्रतिज्ञा के कारण उनका नाम भीष्म पड़ा।<br>ख)पाँच पुत्र थे ।युधिष्ठिर ,भीम ,अर्जुन,नकुल,सहदेव ।इनमें से अर्जुन ने द्रौपदी का स्वयंवर जीता।<br>ग) द्रोणाचार्य के मना करने पर वह उनकी मूर्ति के सामने अभ्यास करने लगा ।इस प्रकार अभ्यास करते रहने से वह कुशल धर्नुधर बन गया। | **5** |
| **4** | **खंड घ –लेखन**<br>**(i)दिए गए विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 80-100 शब्दों में अनुच्छेद लिखें** ः<br>**क)प्रदूषण की समस्याः**<br>पूरे विश्व की समस्या, प्रदूषण के कारण, प्रदूषण के प्रकार- जल, वायु ,मिट्टी, शोर, प्रदूषण को रोकने के उपाय ,प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य<br>ख)**दिल्ली दर्शन** ः<br>भ्रमण से लाभ, भारत की राजधानी, दिल्ली का इतिहास, प्रमुख दर्शनीय स्थल-राजघाट, लालकिला , कुतुब मीनार, इंडिया गेट, मेट्रो , दिल्ली में विकास के कार्य<br><br>(ii)शैक्षणिक भ्रमण पर गोवा जाने के लिए अनुमति लेने हेतु प्रधानाचार्य को प्रार्थना पत्र लिखें।<br>**अथवा**<br>छोटी बहन को विद्यालय की नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम आने पर बधाई पत्र लिखिए। | **5**<br><br>**5** |
| | (iii)**परीक्षा की तैयारी के संबंध में** पिता पुत्र के बीच की बातचीत को संवाद के रूप में लिखें। | **5** |

(iv) किसी शैंपू की कंपनी के लिए एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए । इसके लिए लगभग 25 शब्दों का प्रयोग कीजिए।

5

(v)दिए गए चित्र को ध्यानपूर्वक देखकर उसके विषय में लगभग 25 से 30 शब्दों में अपने विचार व्यक्त करें ः

5



उत्तरः i) अनुच्छेद संकेतों के आधार पर विद्यार्थी स्वयं अपनी क्रियात्मक क्षमता के अनुसार लिखेंगे ।

विषयवस्तु 2अंक
भाषा 2अंक
प्रस्तुति 1अंक

ii) पत्र का प्रारूप - 2अंक
भाषा व लेख - 1अंक
विषयवस्तु - 2 अंक

उत्तरः विद्यार्थी स्वयं अपनी क्रियात्मक क्षमता के अनुसार लिखेंगे ।

(iii) विषयवस्तु 2अंक
भाषा 2अंक
प्रस्तुति 1अंक

(iv) विषयवस्तु 2अंक
भाषा 2अंक
प्रस्तुति 1अंक

( v ) विषयवस्तु 2अंक
भाषा 2अंक
प्रस्तुति 1अंक